अनुस्मारक

# कार्यालय–कुलसचिव
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
# कानपुर–02

संख्या : 36/अदम/जी0ए0/विविध/2021 दिनांक : अप्रैल 17, 2021

**:: कार्यालय–ज्ञाप ::**

आदेशानुरार राज्यपाल सचिवालय के पत्र सं0 ई0–2835/2021 दिनांक 09 अप्रैल, 2021 के अनुपालन के **क्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व** निर्गम कार्यालय–ज्ञाप सं0 26/अदम/जी0ए0/विविध/ 2021 दिनांक 10 अप्रैल, 2021 के द्वारा समस्त शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/सुरक्षा कर्मियों एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों से अपेक्षा की गयी थी कि वे स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को अनिवार्य रूप से टीका अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से लगवाकर स्वयं को एवं अपने परिवार को कोविड–19 से सुरक्षित रखें। परन्तु विश्वविद्यालय के कतिपय शिक्षकों/अधिकारियों/ कर्मचारियों/सुरक्षा कर्मियों द्वारा अद्यतन कोविड–19 टीकाकरण नहीं कराया गया है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है।

अतः विश्वविद्यालय के ऐसे शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/सुरक्षा कर्मचारियों एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों से पुनः अपेक्षा है कि टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराते हुये उक्त की सूचना अपने–अपने विभाग के विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)**
कुलसचिव

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी, को इस आशय के साथ प्रेषित की अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित शिक्षकों/कर्मचारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
2. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी, कानपुर नगर, कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संकलित करते हुए राजभवन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
6. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
7. सुरक्षा सुपरवाइजर होमगार्ड, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा में लगे होमगार्ड/सुरक्षाकर्मी जिनकी आयु 45 वर्ष **से अधिक है, उनका टीकाकरण** कराना सुनिश्चित करें तथा टीकाकरण की सूचना उपलब्ध करायें।
8. **सुपरवाइजर, डी0 सिक्योरिटी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर** को इस आशय के साथ प्रेषित कि कोविड–19 **महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा** में लगे सुरक्षाकर्मी जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक है, उनका टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें तथा टीकाकरण की सूचना उपलब्ध करायें।
9. मे0 आर0एम0एस0 टेक्नोसोल्यूशन प्रा0 लि0 28, फर्स्ट फ्लोर, आदर्श काम्प्लेक्स, इंजीनियरिंग कालेज कासिंग, सेक्टर–ई, जानकीपुरम, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मी जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक है, का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें तथा टीकाकरण की सूचना उपलब्ध करायें।

कुलसचिव